भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
उच्चतर शिक्षा विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 3505
उत्तर देने की तारीख: 08.08.2022

प्रवेश परीक्षाओं का आरक्षण पर प्रभाव

†3505. श्री दयानिधि मारन:

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने शिक्षा, ग्रामीण छात्रों के अवसरों तथा उच्च शिक्षा में प्रवेश करने वाले वंचित समुदायों की प्रथम पीढ़ी के शिक्षार्थियों पर प्रवेश परीक्षाओं के आरक्षण पर पड़े प्रभाव का कोई अध्ययन या सर्वेक्षण किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने विभिन्न प्रवेश परीक्षाओं के परिणामों का कोई अध्ययन या विश्लेषण किया है और विभिन्न समुदायों के छात्रों के प्रतिनिधित्व संबंधी रिपोर्ट तैयार की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या प्रवेश परीक्षाओं ने आरक्षण नीति को प्रभावित किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या प्रवेश परीक्षाओं के प्रभाव से एक विषम स्थिति बन रही है जो शहरी और आर्थिक रूप से मजबूत पृष्ठभूमि के छात्रों को लाभ पहुंचाती है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री
(डॉ. सुभाष सरकार)

(क) से (घ) : सरकार ने ग्रामीण छात्रों और उपेक्षित समुदायों से पहली पीढ़ी के शिक्षार्थियों को वित्तीय सहायता प्रदान करने, सभी छात्रों के लिए एक समान परिस्थितियां बनाने के लिए सीटों का कुछ प्रतिशत वंचित समुदायों के छात्रों के लिए आरक्षित रखने सहित कई पहल की हैं। सरकार ने उम्मीदवारों को अपनी तैयारी में मदद और सहायता देने के लिए नेशनल टेस्ट टेस्ट अभ्यास ऐप शुरू किया है। नेशनल टेस्ट अभ्यास जेईई मेन, एनईईटी और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए मॉक टेस्ट के संचालन करने के लिए एआई-पावर्ड ऐप है। ऐप से छात्रों को तत्काल फीडबैक मिल जाती है ताकि उन्हें सुधार के क्षेत्रों की जानकारी हो सके।

*****